भविष्योन्मुख कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 13.04.18 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवी के विद्याालय के लिए आगामी भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई जिसका आयोजन विद्याालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स द्वारा करवाया गया। उर्पयुक्त कार्यशाला आई आई एम इन्दौर की डायरेक्टर मिस प्रतीति गौर के निर्देशन में सम्पन्न की गई । कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को लॉ एवं मेनेजमेंट के क्षेत्र में नवीन संभावनाओं को दर्शाना रहा । उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय से ही इन क्षेत्रों में भविष्य बनाने के संदर्भ में दिशा निर्देश प्रदान किए साथ ही बताया कि हम किस प्रकार लॉ एवं मेनेजमेंट महाविद्यालयों में प्रवेश ले सकते है एवं इसकी क्या योग्यताएँ रहेंगी । कार्यशाला में प्रशांत मिश्रा ने मैनेजमेंट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी । विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया एवं कार्यशाला प्रभावी रूप से सम्पन्न हुई।